हम एक वैश्विक समुदाय हैं जिनमें राष्ट्रविहीन लोग (stateless), एक्टिविस्ट, संस्थाएं और उनसे संबद्ध व्यक्ति शामिल हैं। हम राष्ट्रविहीनता (statelessness) के उन्मूलन, राष्ट्रीयता से जुड़े समान अधिकारों की प्राप्ति और सभी राष्ट्रविहीन लोगों के मानवाधिकारों की प्राप्ति के प्रति समर्पित हैं।

हम इसलिए साथ आए हैं कि लाखों लोगों को उनके राष्ट्रीयता के अधिकार से वंचित कर दिया गया है, उनको राष्ट्रविहीन बना दिया गया है व अन्य अनगिनत लोगों की राष्ट्रीयता खतरे में हैं।

हम सभी के लिए एक समान मानवता और सभी मनुष्यों की समान गरिमा और अधिकारों को मानते हैं और उनका दावा करते हैँ।

हम राष्ट्रविहीनता से सीधे प्रभावित लोगों को केंद्र में रखते हैं और अपने आंदोलन में उनकी विशेषज्ञता और अनुभव को ही महत्वपूर्ण मानते हैं।

हम समान शासन, पारदर्शिता, सामुहिक रूप से विषय के चिंतन और एक दूसरे के प्रति जवाबदेही के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम साहस के साथ सभी का समावेश करते हुए और समतावादी सहयोग का चयन करते हुए एकजुट होकर खड़े हैं, और दया, धैर्य और आपसी सम्मान के साथ आगे बढ़ते हैं।

हम बातचीत का वह तरीका अपनाते हैं जो सभी के लिए सहज हो।

हम भेदभाव से मुक्त दुनिया को साकार करने में सामाजिक परिवर्तन की क्षमता में विश्वास करते हैं। हम मानते हैं कि सामाजिक भेदभाव राष्ट्रविहीनता का प्रमुख कारण है। हम मानते हैँ कि इसके लिए सत्ता में बैठे लोगों की जवाबदेही सुनिश्चित करना और संरचनात्मक परिवर्तन का निर्वाह करने की आवश्यकता है।

हम नीति निर्माताओं को प्रभावित करने, बड़े पैमाने पर समुदाय को शिक्षित करने और वैश्विक परिवर्तन को प्रेरित करने के लिए अंतरर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रविहीन लोगों की आवाज को बुलंद करने और उच्च स्तर पर उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम एक ऐसी नई गतिशील संरचना बनाना चाहते हैं जो स्टेटलेस लोगों को सशक्त बनाती है, हमारी साझा मानवता की गहरी समझ को प्रेरित करती है, और सभी के लिए राष्ट्रीयता के अधिकारों को बनाए रखने के लिए कार्रवाई को दिशा देती है।

हम राष्ट्रविहीनता से प्रभावित लोगों और सिविल सोसायटी सहयोगियों/ समुदायों के बीच संबंध बनाते हैं और संवाद, कहानी कहने, सूचना और ज्ञान-साझाकरण और संयुक्त रूप से वकालत की पहल के लिए एक सुरक्षित और मजबूत स्थान बनाना चाहते हैं।

हम राष्ट्रविहीनता के विभिन्न गहरे कारणों और प्रभावों को पहचानते हैं, और यह स्वीकार करते हैं कि हमारे आंदोलन की सफलता मूल रूप से अन्य सामाजिक न्याय आंदोलनों से जुड़ी हुई है। हम जमीनी स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न सामाजिक न्याय कार्यकर्ताओं को जोड़ने, सहयोगी बनाने और उनसे जुड़कर काम करने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम एक ऐसे विश्व की कल्पना करते हैं जिसमें सार्वभौमिक मानवाधिकार- जिसमें राष्ट्रीयता का अधिकार भी शामिल है- का सभी मनुष्यों के लिए सम्मान और समर्थन किया जाता है

हमें विश्वास है कि राष्ट्रविहीनता के मूल कारणों को दूर करने और दुनिया के लिए हमारे दृष्टिकोण को साकार करने से पूरी मानवता को लाभ होगा।